AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

पीएचडी प्रवेश परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विवि ने छात्रों की आपत्तियों के बाद पीएचडी प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम संशोधित किया है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 6-7 सितंबर को ही किया जाएगा लेकिन इन तिथियों को होने वाली परीक्षा के विषयों में बदलाव किया गया है। परीक्षा का आयोजन लविवि के मुख्य परिसर में ही होगा। इसके लिए प्रवेश पत्र एक सितंबर को जारी किए जाएंगे।

छह सितंबर को सुबह 11:30 बजे से दोपहर एक बजे तक हिंदी, परशियन, उर्दू, बायोकेमिस्ट्री, अंग्रेजी, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, एंथ्रोपोलॉजी, होम साइंस, वेस्टर्न हिस्ट्री और शाम चार से 5:30 बजे तक स्टेटिस्टिक्स, भूगोल, राजनीति विज्ञान, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, फिजिक्स, समाजशास्त्र, जुलॉजी, संस्कृत, अप्लाइड इकनॉमिक्स की प्रवेश परीक्षा होगी। वहीं सात सितंबर को सुबह 11:30 बजे से दोपहर एक बजे तक कॉमर्स, फिलॉसफी, डिफेंस स्टडीज, साइकोलॉजी, बॉटनी, मेडिवल एंड मॉडर्न हिस्ट्री, केमिस्ट्री, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, सोशल वर्क, मैथ्स, शारीरिक शिक्षा व शाम चार बजे से 5:30 बजे तक एजुकेशन, एआईएच, ओरिएंटल संस्कृत, फ्रेंच, लॉ, जियोलॉजी, लिंग्विस्टिक्स, अर्थशास्त्र की परीक्षा होगी।

6-7 सितंबर को होगी परीक्षा

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि आवेदकों को 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र पर दिए गए निर्देशों को पढ़कर केंद्र पहुंचे। प्रवेश परीक्षा एमसीक्यू आधारित होगी। परीक्षा 90 मिनट की होगी। इसमें संबंधित विषय व रिसर्च मेथडोलॉजी से 70 बहुविकल्पीय सवाल पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न एक नंबर का होगा। इसमें निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। प्रवेश परीक्षा 70 नंबर की होगी।

केंद्रीकृत प्रवेश से जुड़े नवयुग पीजी, एपी सेन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय को नैक में ए प्लस प्लस ग्रेडिंग मिलने का असर हर क्षेत्र में दिख रहा है। एक तरफ जहां विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के बेहतर अवसर मिलने शुरू हुए हैं वहीं केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में भी कॉलेजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इसमें लखनऊ समेत अन्य जिलों के अन्य कॉलेजों के साथ एडेड कॉलेजों का भी रुझान बढ़ा है।

पांच जिलों के 80 से अधिक कॉलेज हुए शामिल

हाल में राजधानी के नवयुग कन्या पीजी कॉलेज, एपी सेन गर्ल्स पीजी कॉलेज, केकेवी जैसे एडेड कॉलेज भी विवि की केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े हैं। नवयुग पीजी कॉलेज में बीए में 700, बीकॉम में 120 और एमए की सीटों पर भी प्रवेश इसके माध्यम से ही होंगे। कॉलेज से सहमति पत्र दिया जा चुका है और आवश्यक फीस भी जमा कर दी गई है। केकेवी ने भी अपनी औपचारिकता पूरी कर दी है। एपी सेन गर्ल्स कॉलेज औपचारिकता पूरी कर रहा है। इससे पहले महिला डिग्री कॉलेज (एडेड) भी केंद्रीकृत प्रवेश में शामिल हो चुका है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि अब तक लगभग 250 कोर्सों के लिए 80 कॉलेज केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ चुके हैं। उन्होंने बताया कि जो कॉलेज संपर्क कर रहे हैं, उन्हें अभी प्रक्रिया से जोड़ा जा रहा है। चार नए जिलों रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर खीरी व हरदोई के भी काफी कॉलेज इसमें शामिल हुए हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि : स्नातक दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 31 से

बीए, बीएससी, बीकॉम का शेड्यूल जारी, एक लाख से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालयों की बीए, बीएससी, बीकॉम के दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 31 अगस्त से प्रस्तावित की गई हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से रविवार को इसका विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया। परीक्षा में एक लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे।

विवि प्रशासन की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, बीए दूसरे सेमेस्टर के लिए एंथ्रोपोलॉजी, स्टेटिस्टिक्स, मैथ्स को छोड़कर अन्य विषयों की परीक्षाएं 31 अगस्त से 27 सितंबर तक सुबह नौ से 10.30 बजे तक होंगी। बीएससी दूसरे सेमेस्टर व बीए दूसरे सेमेस्टर (एंथ्रोपोलॉजी, स्टेटिस्टिक्स, मैथ्स) की परीक्षाएं 31 अगस्त से 19 सितंबर तक और बीएससी होम साइंस, सीएनडी दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं सात सितंबर से 14 सितंबर तक दोपहर दो से 3:30 बजे तक कराई जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीकॉम दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं एक सितंबर से 14 सितंबर तक दोपहर दो से 3.30 बजे तक कराई जाएंगी। बीए एनईपी में 76913, बीकॉम एनईपी में 10665 व बीएससी एनईपी में 23,061 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। बता दें कि इन परीक्षाओं का आयोजन लखनऊ के साथ ही चार नए जिलों रायबरेली, लखीमपुर खीरी, हरदोई व सीतापुर में भी किया जाएगा। तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

अब 24 तक भरे जाएंगे परीक्षा फॉर्म

लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालय के सम सेमेस्टर बीए, बीएससी, बीकॉम दूसरे व यूजी, पीजी, मैनेजमेंट, पीजी डिप्लोमा, बीएससी, एमएससी एग्रीकल्चर, बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड आदि कोर्सों के दूसरे सेमेस्टर के विद्यार्थियों के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 24 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। विद्यार्थियों को इसके लिए कोई अलग से शुल्क नहीं देना है। जबकि कॉलेजों के विद्यार्थी परीक्षा शुल्क देंगे। विभाग व कॉलेजों को भरे हुए परीक्षा फॉर्म 25 अगस्त तक जमा करने होंगे।

नेशनल पीजी की प्रवेश परीक्षा आज से

लखनऊ। नेशनल पीजी कॉलेज की ओर से होने वाली सहयुक्त महाविद्यालयों की प्रवेश परीक्षा का आयोजन 22 से 25 अगस्त तक किया जा रहा है। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 22 अगस्त को लुआक्मैट का आयोजन होगा। इसमें बीसीए, बीवॉक, बीकॉम ऑनर्स, बीबीए, बीबीए एमएस, बीजेएमसी, बीबीए पर्यटन का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में सुबह 11 से 12:30 बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर दो बजे से 3.30 बजे तक किया जाएगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

i-NEXT PAGE 2

नवयुग कन्या महाविद्यालय ने भी केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के लिए कराया रजिस्ट्रेशन

एलयू की काउंसलिंग से केकेवी में एडमिशन

iSPECIAL

केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में केकेवी और नवयुग ने कराया रजिस्ट्रेशन

LUCKNOW (21 AUG): लखनऊ विश्वविद्यालय की केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में राजधानी के सहायता प्राप्त बप्पा श्री नारायण मिश्र वोकेशनल पीजी कालेज (केकेवी) और नवयुग कन्या महाविद्यालय भी शामिल हो गया है. अब केकेवी में परास्नातक और नवयुग कन्या महाविद्यालय के यूजी, पीजी दोनों पाठ्यक्रमों में लखनऊ विश्वविद्यालय की काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश लिए जाएंगे. अभी तक एडेड कालेजों में शामिल सिर्फ महिला महाविद्यालय ने एलयू में रजिस्ट्रेशन कराया था.

कॉलेज हो सकते हैं शामिल

एलयू की केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में कोई भी कालेज यूजी व पीजी कोर्सों में दाखिले के लिए शामिल हो सकता है. अब तक लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर व लखीमपुर खीरी के 80 कालेज जुड़ चुके हैं. सबसे ज्यादा संख्या प्राइवेट कालेजों की है.

केकेवी कॉलेज

कालेज के प्राचार्य प्रो. रमेशधर द्विवेदी ने बताया कि पीजी के दाखिले लखनऊ विश्वविद्यालय की काउंसलिंग के माध्यम से लिए जाएंगे. एमए हिन्दी, समाजशास्त्र, एमएससी जूलाजी के साथ नए पाठ्यक्रम में एमए अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, संस्कृत, राजनीति शास्त्र में 60-60, एमएससी गणित और एमकाम में 60-60, एमएससी रसायन व फिजिक्स में 30-30 सीटें हैं. जिन अभ्यर्थियों ने कालेज में पीजी के लिए पंजीकरण कराया है, उन्हें सीटें खाली होने पर मौका दिया जाएगा.

नवयुग कन्या महाविद्यालय

यहां भी बीएससी जेडबीसी को छोड़कर बीए, बीकाम, एमए इकोनामिक्स और एमए इकोनामिक्स में दाखिले लखनऊ विश्वविद्यालय की काउंसलिंग से होंगे. प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने बताया कि शनिवार को इसके लिए पंजीकरण करा लिया है. बीए, 770, बीकाम 240 और एमए इकोनामिक्स 66 सीटें हैं. अभी जिन्होंने आवेदन किया था, मेरिट से उनके प्रवेश लिए जा रहे. जो सीटें बचेंगी, उन पर लवि की काउंसलिंग से प्रवेश दिया जाएगा.

महिला महाविद्यालय

यहां यूजी और पीजी में विश्वविद्यालय की काउंसलिंग से दाखिले होंगे. प्राचार्या प्रो. निशा गुप्ता ने बताया कि बीए 900, बीएससी 480, बीकाम 160 सीटों के साथ-साथ एमए होम साइंस, साइकोलाजी, हिस्ट्री, इंग्लिश, बीएससी स्टेटिस्टिक्स कंप्यूटर साइंस, बीबीए, बीसीए में लवि की पहली काउंसलिंग के बाद जो सीटें बचेंगी, उन पर कालेज मेरिट से प्रवेश देगा. इसके लिए पंजीकरण हो रहे हैं.

नेशनल में आज से यूजी में एडमिशन के एग्जाम

अभ्यर्थियों को मोबाइल, स्मार्टवाच लाने पर रहेगी रोक

LUCKNOW (21 AUG): राजधानी के नेशनल पीजी कालेज में सोमवार से अंडर ग्रेजुएट प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत होगी. 22, 23 और 25 अगस्त को होने वाली प्रवेश परीक्षाओं में करीब 10,000 अभ्यर्थी शामिल होंगे. अभ्यर्थियों को सिर्फ एडमिट कार्ड लेकर आना होगा. मोबाइल, स्मार्ट वॉच और इलेक्ट्रानिक गैजेट पर पूरी तरह से रोक रहेगी. इस संबंध में कालेज ने एडमिट कार्ड पर भी निर्देश जारी किए हैं. निर्देशों का सभी को अनिवार्य रूप से पालन करना होगा.

परीक्षाओं की शुरुआत 22 अगस्त को लखनऊ यूनिवर्सिटी एसोसिएटेड कालेज मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट (लुआक्मैट) से होगी. परीक्षाएं दो पालियों में होंगी. पहली पाली की परीक्षा सुबह 11 से 12.30 बजे तक होगी. इसके लिए अभ्यर्थियों को 10.15 बजे से प्रवेश दिया जाएगा. वहीं, दोपहर की पाली में दो से 3.30 बजे तक परीक्षा होगी. इसमें 1.15 बजे से एंट्री दी जाएगी. गौरतलब है कि 26 अगस्त से प्रवेश परीक्षा परिणाम जारी होंगे. एक सितंबर से काउंसलिंग की तैयारी है.

एक सितंबर से काउंसलिंग

कालेज के प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि स्नातक प्रवेश

महत्वपूर्ण तिथियां

22 अगस्त
- सुबह की पाली- बीसीए, बीवाक साफ्टवेयर डेवलमेंट एवं ई-गर्वनेंस, बीकाम आनर्स. परीक्षा का समय सुबह 11 से 12.30 बजे.
- दोपहर की पाली-पहला पेपर दो से तीन बजे- बीबीए, बीबीए एमएस, बीबीए टूरिज्म, बीवाक बैंकिंग एवं फाइनेंस. दूसरा पेपर दोपहर 3.10 से 4.10 बजे तक- बीए जेएमसी, बीबीए, बीबीए एमएस, बीबीए टूरिज्म.

23 अगस्त
- सुबह 11 से 12.30 बजे- बीकाम की प्रवेश परीक्षा के लिए एपी सेन बालिका इंटर कालेज को भी सेंटर बनाया है.
- दोपहर की पाली में बीएससी जेडबीसी, जेडबीए (एंथ्रोपोलाजी) की प्रवेश परीक्षा होगी.

25 अगस्त
- सुबह की पाली में बीए कोर्स में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा होगी. इसमें करीब 2100 अभ्यर्थी शामिल होंगे.
- दोपहर में बीएससी पीसीएम की प्रवेश परीक्षा में 1700 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है.

यूजी दूसरे सेमेस्टर के एग्जाम 31 से

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया परीक्षा कार्यक्रम

LUCKNOW (21 AUG): लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक दूसरे सेमेस्टर-जून 2022 की परीक्षाएं 31 अगस्त से कराएगा. रविवार को बीए, बीकाम, बीएससी और बीएससी होम साइंस द्वितीय सेमेस्टर का प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया. पहले दिन 31 अगस्त से परीक्षाओं की शुरुआत बीए और बीएससी द्वितीय सेमेस्टर से होगी. स्टूडेंट्स के लिए परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट 222. द्यद्मश्रह्वठ्ठद्ब.ड्डष्.द्बठ्ठ पर भी अपलोड किया जा रहा है.

545 हो गए हैं कॉलेज

लखनऊ यूनिवर्सिटी से लखनऊ के साथ-साथ अब सीतापुर, हरदोई, रायबरेली और लखीमपुर खीरी के महाविद्यालय भी जुड़ चुके हैं. कालेजों की कुल संख्या अब 545 है. विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक स्नातक दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं में विश्वविद्यालय एवं कालेजों को मिलाकर एक लाख 20 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स शामिल होंगे. इनमें सर्वाधिक संख्या बीए के विद्यार्थियों की है. परीक्षाओं का समापन 27 सितंबर को होगा.

डेढ़ घंटे का होगा एग्जाम

स्नातक द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं के लिए डेढ़ घंटे का समय निर्धारित रहेगा. प्रत्येक विषय में 150 प्रश्न होंगे. इनमें से विद्यार्थियों को 75 प्रश्न हल करने होंगे. बीए, द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा सुबह 9 से 10.30 बजे तक, बीएससी, बीएससी होमसाइंस और बीकाम द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा दोपहर 2 से 3.30 बजे तक तक होगी.

किस दिन कौन सा एग्जाम
- बीए द्वितीय सेमेस्टर : 31 अगस्त से 27 सितंबर तक
- बीएससी द्वितीय सेमेस्टर : 31 अगस्त से 14 सितंबर तक
- बीकाम द्वितीय सेमेस्टर : एक से 14 सितंबर
- बीएससी (होम साइंस), सीएनडी द्वितीय सेमेस्टर : सात से 14 सितंबर

केंद्रों का निर्धारण जल्द

इन परीक्षाओं के लिए केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है. राजधानी सहित पांचों जिलों में केंद्र बनाए जाने हैं. मानकों को ध्यान में रखते हुए इसे बनाया जाएगा. जल्द ही सूची जारी कर दी जाएगी.

HINDUSTAN PAGE 6

बीए, बीएससी और बीकॉम विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी, एक पाली में होंगी सेमेस्टर परीक्षाएं

एलयू : स्नातक द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 31 अगस्त से होंगी

कार्यक्रम

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने रविवार को स्नातक द्वितीय सेमेस्टर जून 2022 परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 31 अगस्त से शुरू होकर 27 सितम्बर तक एक पाली में होंगी। परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र हल करने के लिए परीक्षार्थियों को 90 मिनट का समय मिलेगा। हालांकि छात्रों ने विरोध दर्ज कराया है कि परीक्षा शुरू होने के कम से कम 15 दिन पूर्व परीक्षा कार्यक्रम जारी करना चाहिए।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि बीए, द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं सुबह की पाली में 31 अगस्त से 27 सितम्बर, बीकॉम की दोपहर की पाली में एक सितम्बर से 14 सितम्बर तक होंगी। परीक्षा कार्यक्रम एलयू की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। स्नातक द्वितीय वर्ष परीक्षा में बीकॉम में 10665 एवं बीएससी में 23061 छात्र शामिल होंगे।

01 लाख दस हजार छात्र देंगे स्नातक की परीक्षा

76 हजार से ज्यादा छात्र बीए की परीक्षा में होंगे शामिल

बीएससी होम साइंस
2:00-3:30 बजे, दोपहर
सात सितम्बर को न्यूट्रीशनल बायोकेमिस्ट्री, बेसिक न्यूट्रीशन एण्ड मील मैनेजमेंट प्रथम, 10 को लाइफ स्पैम डेवलपमेंट प्रथम, 12 को आर्टस एण्ड डिजाइन एवं 14 को वोकेशनल

बीकॉम परीक्षा
2:00-3:30 बजे, दोपहर
एक सितम्बर को कॉरपोरेट अकाउण्टिंग, तीन को बिजनेस रेगुलेटरी फ्रेमवर्क, छह को पब्लिक फाइनेंस, आठ को बिजनेस कम्युनिकेशन, 13 को सेलिंग एण्ड एडवरटाइजिंग एवं 14 को वोकेशनल

बीएससी और बीए परीक्षा
(एंथ्रोपॉलीजी, स्टैटिस्टिक्स व मैथमेटिक्स)
2:00-3:30 बजे, दोपहर
31 अगस्त को जियोलॉजी, दो को बॉटनी प्रथम, एस्ट्रोनॉमी, कम्प्यूटर साइंस, प्रथम, पांच को जूलॉजी प्रथम, सात को एंथ्रोपॉलीजी प्रथम, 10 को गणित प्रथम, 12 को गणित द्वितीय, 14 को वोकेशनल, 16 को स्टैटिस्टिक्स, केमेस्ट्री प्रथम, 19 को फिजिक्स, जेनिटिक्स एण्ड जियोनॉमिक्स प्रथम परीक्षा।

बीए परीक्षा
9:00-10:30 बजे, सुबह
31 अगस्त को फ्रेंच, फंक्शनल संस्कृत, उर्दू, संस्कृत, पाली (मेजर-माइनर) प्रथम, एक सितम्बर को उर्दू, संस्कृत, पाली द्वितीय, दो को इकोनॉमिक्स, ज्योतिर्विज्ञान, लिंग्विस्टिक, परशियन (मेजर माइनर) प्रथम, तीन को ज्योतिर्विज्ञान, लिंग्विस्टिक, परर्शियन द्वितीय, पांच को अंग्रेजी, बुद्धिस्ट (मेजर माइनर) प्रथम, छह को अंग्रेजी, बुद्धिस्ट द्वितीय, सात को समाज कार्य, समाज शास्त्र (मेजर माइनर) प्रथम, आठ को समाज कार्य, समाज शास्त्र द्वितीय, 10 को एआईएच, एमआईएच, एशियन कल्चर, अरेबिक (मेजर माइनर) प्रथम, 12 को एआईएच, एमआईएच, एशियन कल्चर, अरेबिक द्वितीय, 13 को हिन्दी, फंक्शनल हिन्दी प्रथम, 14 को हिन्दी, 15 को दर्शन शास्त्र (मेजर माइनर) प्रथम, 16 को दर्शन शास्त्र द्वितीय, 19 को एजुकेशन, मनोविज्ञान (मेजर माइनर) प्रथम, 20 को जियोग्राफी, होम साइंस, फिजिकल एजुकेशन (मेजर माइनर), 21 को डिफेंस स्टडीज, पॉलिटिकल साइंस, टीटीएम, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (मेजर माइनर) प्रथम, 22 को पॉलिटिकल साइंस, टीटीएम, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन द्वितीय, 23 को वोकेशनल, 24 को म्यूजिक, इंस्ट्रूमेंटल और वोकल (मेजर माइनर) प्रथम एवं 27 को ड्राइंग एण्ड पेंटिंग (मेजर माइनर) प्रथम

एमएससी न्यूट्रीशन की परीक्षा 25 से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमएससी न्यूट्रीशन द्वितीय, चतुर्थ और छठे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। ये परीक्षाएं 25 अगस्त से शुरू होकर तीन सितम्बर तक होंगी। एमएससी न्यूट्रीशन द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 25 अगस्त से तीन सितम्बर तक होंगी। पहले दिन 25 अगस्त को न्यूट्रीशन बायोकेमेस्ट्री, 27 को रिसर्च मेथड्स एण्ड स्टैटिस्टिक्स, 30 को एडवांस्ड न्यूट्रीशन, एक सितम्बर को कम्युनिटी न्यूट्रीशन एवं अन्तिम दिन तीन सितम्बर को मैटेरियल एण्ड चाइल्ड न्यूट्रीशन की परीक्षा होगी। चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 अगस्त से शुरू होंगी। छठे सेमेस्टर की परीक्षा 26 अगस्त से दो सितम्बर तक होंगी। 26 को न्यूट्रीशन एण्ड हेल्थ ऑफ वूमेन, 29 को एडवांस्ड न्यूट्रीशन द्वितीय, 31 को फूड प्रोडक्ट डेवलपमेंट एवं दो सितम्बर को रिसर्च टेकिनक्स एण्ड इंस्ट्रमेंटेशन की परीक्षा होगी।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा का नया कार्यक्रम

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की सत्र 2021-22 पीएचडी प्रवेश परीक्षा का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। प्रवेश परीक्षा छह और सात सितम्बर को दो पालियों में होगी। पहली पाली 11.30 से एक बजे एवं दूसरी पाली शाम चार से 5.30 बजे तक होगी। विषय और पाली वार प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। छह सितम्बर को पहली पाली में हिन्दी, पर्शियन, उर्दू, बायोकेमेस्ट्री, अंग्रेजी आदि व दूसरी पाली में स्टैटिस्टिक्स, जियोग्राफी, पॉलीटिकल साइंस, फिजिक्स आदि की प्रवेश परीक्षा होगी।

छात्र अब 24 तक भर सकेंगे परीक्षा फॉर्म

लखनऊ। एलयू सम सेमेस्टर परीक्षा के ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की तिथि 24 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। सम सेमेस्टर जून 2022 बीए, बीएससी, बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर एवं यूजी-पीजी प्रबंधकीय, डिप्लोमा, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड एवं ललित कला संकाय एवं अन्य सेमेस्टर पाठ्यक्रमों के नियमित, बैक पेपर और एग्जमटेड छात्रों को 24 अगस्त तक ऑनलाइन फार्म भरने का मौका दिया गया है।

TOI PAGE 2

A first for LU: Student clinches medal at nat'l grappling event

TIMES NEWS NETWORK

Ariz Abidi

Lucknow: A BA final year student of Lucknow University Ariz Abidi made history by clinching a silver medal in the 15th GFI National Grappling Championship 2022 held at Sonipat, Haryana.

This is for the first time in the history of LU that a student has won a national-level medal in Grappling, a sport that consists of gripping or seizing the opponent.

Abidi won a silver medal in the 71 kg weight category while the gold medal was won by Harveer Singh from Jammu and Kashmir during the three-day championship that concluded on Sunday.

"Winning a silver medal at the national level is like a dream come true for me. Now, my next goal is to make a mark internationally. I will now be preparing for World Comeback Games to be held in Riyadh, Saudi Arabia after six months," said Abidi.

Abidi said earlier he was taking training at the Sports Authority of India (SAI), Lucknow under a government scheme 'Come and Play' but due to Covid-19 pandemic the training was stopped. "I am thankful to coach Manoj Khatri sir from SAI and GFI secretary Ravikant Mishra for training me during that period. For the last two years, I didn't have any coach but I was determined to make a mark nationally hence I decided to train myself," he added.

"Everyday I did self-training for over five hours at a corner in LU's gymnasium," he said. Due to his exemplary performance in sports, LU had awarded Abidi with the Pirie Memorial Gold Medal in 2019. In 2018, he won a bronze medal in Senior National Grappling Wrestling held at Maharishi Dayanand University, Rohtak.

AMRIT VICHAR PAGE 5

बैक पेपर व एक्जेमटेड परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ी

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बैक पेपर एवं एक्जेमटेड परीक्षाओं के फॉर्म भरने की तिथि रविवार को बढ़ा दी है। अब 25 अगस्त तक बैक पेपर व एक्जेमटेट परीक्षा फॉर्म भरे जा सकते हैं।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सम सेमेस्टर जून-2022 बीए, बीएससी, बीकाम (द्वितीय) और यूजी प्रबन्धकीय, पीजी प्रबन्धकीय पीजी, पीजी डिप्लोमा, बीएससी, एमएससी (एग्रीकल्चर) बीएड, एमएस, बीपीएड, एमपीएड और ललित कला संकाय एवं अन्य सेमेस्टरों के साथ विधि (त्रिवर्षीय एवं आनर्स) इंजीनियरिंग संकाय एवं आईएमएस (द्वितीय सेमेस्टर) के नियमित बैक पेपर एवं एग्जेमटेड की परीक्षाओं के ऑनलाइन परीक्षा भरने की तिथि बढ़ाई गई है। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.exam.luonline.in व www.lkouniv.ac.in पर जाकर ऑनलाइन भी फार्म भर सकते हैं।

नियमित छात्रों को नहीं देना है अलग से शुल्क : लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमित छात्रों को परीक्षा के साथ अलग से कोई शुल्क नहीं जमा करना है ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरकर सेमेस्टर की रसीद के साथ सम्बन्धित विभागाध्यक्ष संकाय कार्यालय में जमा करना है।

i-NEXT PAGE 2

बदला पीएचडी प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम

एक से अधिक विषय में आवेदन करने वालों ने दर्ज कराई थी आपत्तियां

LUCKNOW (21 AUG): लखनऊ विश्वविद्यालय ने छह व सात अगस्त को होने वाली पीएचडी प्रवेश परीक्षा के कार्यक्रम में बदलाव कर दिया है. विश्वविद्यालय ने दो दिन पहले जारी परीक्षा की तिथियों पर ऐसे अभ्यर्थियों से आपत्ति मांगी थीं, जिन्होंने एक से अधिक विषय में आवेदन किया है उनकी प्रवेश परीक्षा की तिथि एक साथ है. आपत्तियां आने के बाद रविवार को उसका निस्तारण करते हुए संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया. अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से इसे डाउनलोड कर सकते हैं.

ओल्ड कैंपस में होगा एग्जाम

यूनिवर्सिटी ने 12 जुलाई को पीएचडी की 1292 सीटों पर आवेदन की प्रक्रिया शुरू की थी. प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड एक सितंबर डाउनलोड होना शुरू होंगे. परीक्षा के लिए ओल्ड कैंपस को सेंटर बनाया गया है. अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से 30 मिनट पहले केंद्र पर पहुंचना होगा.

संशोधित कार्यक्रम

छह सितंबर

● सुबह 11.30 से एक बजे तक - हिन्दी, पर्शियन, उर्दू, बायोकेमिस्ट्री, अंग्रेजी, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, एंथ्रोपोलाजी, होम साइंस, वेस्टर्न हिस्ट्री.	● शाम चार से 5.30 बजे-स्टैटिस्टिक्स, जियोग्राफी, पालिटिकल साइंस, जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन, फिजिक्स, सोशियोलाजी, जूलाजी, संस्कृत, एप्लाइड इकोनामिक्स.

सात सितंबर

● सुबह 11.30 से एक बजे : कामर्स, फिलासफी, डिफेंस स्टडीज, साइकोलाजी, बाटनी, मेडिवियल एंड माडर्न हिस्ट्री, केमिस्ट्री, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, सोशल वर्क, मैथमैटिक्स, फिजिकल एजुकेशन.	● शाम चार से 5.30 बजे- एजुकेशन, एआइएच, ओरिएंटल संस्कृत, फ्रेंच, ला, जियोलाजी, लिंग्विस्टिक, इकोनामिक्स.

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : स्नातक दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 31 से

परीक्षा कार्यक्रम जारी, स्नातक दूसरे सेमेस्टर जून-2022 की परीक्षाओं में 1,10,639 विद्यार्थी होंगे शामिल

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक दूसरे सेमेस्टर-जून 2022 की परीक्षाएं 31 अगस्त से कराएगा। रविवार को बीए, बीकाम, बीएससी और बीएससी होम साइंस द्वितीय सेमेस्टर का प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया। पहले दिन 31 अगस्त से परीक्षाओं की शुरुआत बीए और बीएससी द्वितीय सेमेस्टर से होगी। छात्र-छात्राओं के लिए, परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर भी अपलोड किया जा रहा है।

लवि से लखनऊ के साथ-साथ अब सीतापुर, हरदोई, रायबरेली और लखीमपुर खीरी के महाविद्यालय भी जुड़ चुके हैं। कालेजों की कुल संख्या अब 545 है। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक स्नातक दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं में विश्वविद्यालय एवं कालेजों को मिलाकर 1,10,639 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। इनमें बीए (एनईपी) 76,913, बीकाम एनईपी 10,665 और बीएससी एनईपी के 23,061 परीक्षार्थी हैं। परीक्षाओं का समापन 27 सितंबर को होगा।

डेढ़ घंटे की होगी परीक्षा : स्नातक द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं के लिए डेढ़ घंटे का समय निर्धारित रहेगा। प्रत्येक विषय में 150 प्रश्न होंगे। इनमें से विद्यार्थियों को 75 प्रश्न हल करने होंगे। बीए, द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा सुबह 9 से 10.30 बजे तक, बीएससी, बीएससी होमसाइंस और बीकाम द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा दोपहर 2 से 3.30 बजे तक होगी।

केंद्रों का निर्धारण जल्द : इन परीक्षाओं के लिए केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। राजधानी सहित पांचों जिलों में केंद्र बनाए जाने हैं। मानकों को ध्यान में रखते हुए इसे बनाया जाएगा। जल्द ही सूची जारी कर दी जाएगी।



वीवीडीयू में 28 को स्टार्टअप पर सेमिनार

लखनऊ : बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी (बीबीडीयू) के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में 28 अगस्त को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सेक्टर में स्टार्टअप के अवसर पर एक वर्चुअल सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इसमें फ्लोरिडा अटलांटिक यूनिवर्सिटी के अतिथि वक्ता हर्षल सांघवी होंगे। (जासं)

28 विद्यार्थियों को ब्लूबुक कंपनी में मिला मौका

जागरण संवाददाता, लखनऊ : ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के बीटेक के 28 विद्यार्थियों का चयन ब्लूबुक कंपनी की एडवांस ट्रेनिंग के लिए हुआ है। कंपनी की बेसिक ट्रेनिंग में लखनऊ के छह कालेजों के 400 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। चयनित विद्यार्थियों को 45 से 60 दिनों की निश्शुल्क एडवांस ट्रेनिंग के बाद सर्टिफिकेट मिलेगा। इसके बाद चयनित छात्रों को उनकी रुचि और योग्यता के आधार पर प्रोग्रामर, साफ्टवेयर डेवलपर, टेस्टर, डेटाबेस प्रोग्रामर, सिस्टम इंजीनियरिंग में इंटर्नशिप का मौका दिया जाएगा। उन्हें छह हजार से 12 हजार रुपये का स्टाइपेंड भी दिया जाएगा। इसके बाद योग्य विद्यार्थियों का प्लेसमेंट कंपनी अपने पेरोल पर करेगी।

नेशनल कालेज : विशेष बैक पेपर परीक्षा परिणाम जारी

जासं, लखनऊ : नेशनल पीजी कालेज ने स्नातक पांचवें, छठे, परास्नातक तीसरे, चौथे एवं इलेक्टिव पेपर के लिए आयोजित की गई विशेष बैक पेपर परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। छात्र-छात्राएं कालेज की वेबसाइट के माध्यम से इसे देख सकते हैं।

परीक्षाओं की तिथियां
- बीए द्वितीय सेमेस्टर : 31 अगस्त से 27 सितंबर तक
- बीएससी द्वितीय सेमेस्टर : 31 अगस्त से 14 सितंबर तक
- बीकाम द्वितीय सेमेस्टर : एक से 14 सितंबर
- बीएससी (होम साइंस), सीएनडी द्वितीय सेमेस्टर : सात से 14 सितंबर

लवि : पीएचडी प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम बदला

- एक से अधिक विषय में आवेदन करने वालों ने दर्ज कराई थी आपत्तियां

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने आगामी छह व सात अगस्त को होने वाली पीएचडी प्रवेश परीक्षा-2021-22 के कार्यक्रम में बदलाव कर दिया है। विश्वविद्यालय ने दो दिन पहले जारी परीक्षा की तिथियों पर ऐसे अभ्यर्थियों से आपत्ति मांगी थी, जिन्होंने एक से अधिक विषय में आवेदन किया है उनकी प्रवेश परीक्षा की तिथि एक साथ है। आपत्तियां आने के बाद रविवार को उसका निस्तारण करते हुए संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से इसे डाउनलोड कर सकते हैं। लवि ने बीते 12 जुलाई को पीएचडी की 1292 सीटों पर आवेदन की प्रक्रिया शुरू की थी। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड एक सितंबर डाउनलोड होना शुरू होंगे। परीक्षा के लिए ओल्ड कैंपस को ही केंद्र बनाया गया है।

संशोधित पीएचडी प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम

छह सितंबर : सुबह 11.30 से एक बजे तक : हिन्दी, पर्शियन, उर्दू, बायोकेमेस्ट्री, अंग्रेजी, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, एंथ्रोपोलाजी, होम साइंस, वेस्टर्न हिस्ट्री।

छह सितंबर : शाम चार से 5.30 बजे : स्टेटिस्टिक्स, जियोग्राफी, पालिटिकल साइंस, जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन, फिजिक्स, सोशियोलाजी, जूलाजी, संस्कृत, एप्लाइड इकोनामिक्स।

सात सितंबर : सुबह 11.30 से एक बजे : कामर्स, फिलासफी, डिफेंस स्टडीज, साइकोलाजी, बाटनी, मेडिवियल एंड माडर्न हिस्ट्री, केमिस्ट्री, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, सोशल वर्क, मैथमेटिक्स, फिजिकल एजुकेशन।

सात सितंबर- शाम चार से 5.30 बजे, एजुकेशन, एआइएच, ओरिएंटल संस्कृत, फ्रेंच, ला, जियोलाजी, लिंग्विस्टिक, इकोनामिक्स।

24 तक दिया परीक्षा फार्म भरने का मौका

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक व परास्नातक सम सेमेस्टर द्वितीय सेमेस्टर में परीक्षा फार्म भरने के लिए 24 अगस्त तक तिथि बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक ने कहा है कि यह अंतिम मौका है। बीए, बीएससी, बीकाम (द्वितीय), स्नातक प्रबंधकीय, पीजी, प्रबंधकीय पीजी, पीजी डिप्लोमा, बीएससी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, ललित कला संकाय, विधि तीन वर्षीय एवं आनर्स के साथ इंजीनियरिंग संकाय व आइएमएस (द्वितीय सेमेस्टर) के नियमित, बैक पेपर व इक्जेम्टेड परीक्षाओं के फार्म भरे जा सकेंगे। लवि के नियमित विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म शुल्क रसीद के साथ विभाग, संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है। वहां से फार्मों की सूची 25 अगस्त तक परीक्षा विभाग में भेजी जाएगी। कालेजों को भी परीक्षा फार्म इसी तिथि तक लवि परीक्षा विभाग में उपलब्ध कराने होंगे।

केकेवी में लवि काउंसलिंग से होंगे प्रवेश

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में बप्पा श्री नारायण मिश्र वोकेशनल पीजी कालेज (केकेवी) और नवयुग कन्या महाविद्यालय भी शामिल हो गया है। अब केकेवी में परास्नातक और नवयुग कन्या महाविद्यालय के स्नातक, परास्नातक दोनों पाठ्यक्रमों में लखनऊ विश्वविद्यालय की काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश लिए जाएंगे। अभी तक एडेड कालेजों में शामिल सिर्फ महिला महाविद्यालय ने लवि में पंजीकरण कराया था।

लवि की केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में कोई भी कालेज यूजी व पीजी कोर्सों में दाखिले के लिए शामिल हो सकता है। अब तक लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर व लखीमपुर खीरी के 80 कालेज जुड़ चुके हैं। सबसे ज्यादा संख्या प्राइवेट कालेजों की है।

केकेवी : कालेज के प्राचार्य प्रो. रमेशधर द्विवेदी ने बताया कि पीजी के दाखिले लवि की काउंसलिंग के माध्यम से लिए जाएंगे। एमए हिन्दी, समाजशास्त्र, एमएससी जूलाजी के साथ नए पाठ्यक्रम में एमए अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, संस्कृत, राजनीति शास्त्र में 60-60, एमएससी गणित और एमकाम में 60-60, एमएससी रसायन व फिजिक्स में 30-30 सीटें हैं। जिन्होंने कालेज में पीजी के लिए पंजीकरण कराया है, उन्हें सीटें खाली होने पर मौका दिया जाएगा।

नवयुग कन्या महाविद्यालय : यहां भी बीएससी जेडबीसी को छोड़कर बीए, बीकाम, एमए इकोनामिक्स और एमए इकोनामिक्स में दाखिले लवि की काउंसलिंग से होंगे। प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने बताया कि शनिवार को पंजीकरण करा लिया है। बीए, 770, बीकाम 240 और एमए इकोनामिक्स 66 सीटें हैं। अभी जिन्होंने आवेदन किया था, मेरिट से उनके प्रवेश लिए जा रहे। जो सीटें बचेंगी, उन पर लवि की काउंसलिंग से प्रवेश दिया जाएगा।

महिला महाविद्यालय : यहां यूजी और पीजी में विश्वविद्यालय की काउंसलिंग से दाखिले होंगे। प्राचार्या प्रो. निशा गुप्ता ने बताया कि बीए 900, बीएससी 480, बीकाम 160 सीटों के साथ-साथ एमए होम साइंस, साइकोलाजी, हिस्ट्री, इंग्लिश, बीएससी स्टैटिस्टिक्स कंप्यूटर साइंस, बीबीए, बीसीए में लवि की पहली काउंसलिंग के बाद जो सीटें बचेंगी, उन पर कालेज मेरिट से प्रवेश देगा।

PIONEER PAGE 3

एलयू पीएचडी प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम जारी, परीक्षाएं छह सितंबर से

लखनऊ। लविवि प्रशासन ने रविवार को 2021-22 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। विवि प्रशासन के मुताबिक प्रवेश परीक्षा 6 एवं 7 सितम्बर को दोनों पालियों में सम्पन्न कराई जाएगी। परीक्षा के लिए 90 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। विवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार प्रथम पाली की प्रवेश परीक्षा सुबह 11.30 बजे से एक बजे तक होगी। दूसरी पाली की परीक्षा शाम चार बजे से 5.30 बजे तक होगी। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को आधे घंटे पूर्व पहुँचना होगा। प्रवेश परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित होगी। प्रवेश परीक्षा में संबंधित विषय के अलावा रिसर्च मेथेडोलॉजी के 70 प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रवेश परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा। निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। प्रवेश परीक्षा 70 अंको की होगी। प्रवेश पत्र 1 सितम्बर 2022 से अभ्यर्थी अपने लॉगिन आईडी से विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाऊनलोड कर सकते है।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि में छह व सात को होगी पीएचडी की प्रवेश परीक्षा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2021-22 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी हैं। पीएचडी की प्रवेश परीक्षा लखनऊ विश्विद्यालय के पुराने परिसर में 6 एवं 7 सितम्बर 2022 को दो पालियों सम्पादित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 11.30 वजे से एक वजे तक होगी। इसी प्रकार द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न चार वजे से 5.30 वजे तक होगी। आवेदकों को 30 मिनट पहले परीक्षा केन्द्र पर पहुंचाना होगा। प्रवेश परीक्षा वहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित होगी तथा 90 मिनट की होगी। प्रवेश परीक्षा में सम्वंधित विषय एवं रिसर्च मैथडलॉजी के 70 वहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रवेश परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। नगेटिव मार्किंग नहीं होगी तथा प्रवेश परीक्षा 70 अंको की होगी। प्रवेश पत्र एक सितम्वर 2022 से अभ्यर्थी अपने लॉगिन आईडी से विश्वविद्यालय की वेवसाइट से डाऊनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र पर दिए गए निर्देशों को आवेदक अवश्य पढ़ लें।

चौथे और छठे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ। विश्वविद्यालय ने एमएससी न्यूट्रीशन द्वितीय, चतुर्थ और छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 25 अगस्त से शुरू होकर तीन सितंबर तक होंगी। एमएससी न्यूट्रीशन द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 25 अगस्त से तीन सितंबर तक होंगी। पहले दिन 25 अगस्त को न्यूट्रीशन बायोकेमेस्ट्री, 27 को रिसर्च मेथड्स एण्ड स्टैटिस्टिक्स, 30 को एडवांस्ड न्यूट्रीशन, एक सितंबर को कम्युनिटी न्यूट्रीशन एवं अंतिम दिन तीन सितंबर को मैटेरियल एंड चाइल्ड न्यूट्रीशन की परीक्षा होगी।

HINDUSTAN PAGE 8

शोध | प्राकृतिक मैटीरियल से पानी से अलग कर दिया हाइड्रोजन और ऑक्सीजन, हाइड्रोजन ऊर्जा और आक्सीजन चिकित्सा क्षेत्र को मदद देगी

ऑक्सीजन, हाईड्रोजन उत्पादन की सस्ती तकनीक खोजी

■ विनोद पांडेय

लखनऊ। पानी से हाइड्रोजन और ऑक्सीजन अलग करना अब सस्ता और आसान हो जाएगा। प्राकृतिक मैटीरयल की मदद से सस्ती ऑक्सीजन और हाइड्रोजन का उत्पादन हो सकेगा। इस तकनीक से कम खर्च भी आएगा। हाइड्रोजन ऊर्जा जरूरतें पूरी करेगा और अस्पतालों को पर्याप्त ऑक्सीजन भी उपलब्ध हो सकेगी। बीरबल साहनी पुरा संस्थान और एलयू केमिस्ट्री विभाग ने रॉक वार्निश से तैयार इलेक्ट्रोड मदद से पानी से ऑक्सीजन और हाइड्रोजन अलग करना सस्ता और आसान कर दिया है। इस रिसर्च को सस्टेनेबल एनर्जी एंड फ्यूल रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री लंदन ने प्रकाशित किया है। वैज्ञानिकों का दावा है कि रॉक वार्निश पर दुनिया का यह पहला शोध है।

वैज्ञानिकों के मुताबिक अभी पानी से ऑक्सीजन और हाइड्रोजन अलग करना काफी महंगा है। इसे अलग करने के लिए प्लेटिनम, गोल्ड, निकिल के इलेक्ट्रोड का इस्तेमाल होता है। यह धातुएं काफी महंगी हैं। ताजा रिसर्च लद्दाख की पहाड़ियों पर पाए जाने वाले चमकीले पदार्थ (रॉक वार्निश) पर की गई। रॉक वार्निश को लैब में टेस्ट किया गया तो पता चला कि इसमें पर्याप्त मात्रा में आयरन और मैग्नीज उपलब्ध है। रॉक वार्निश से इलेक्ट्रोड बनाए गए। इलेक्ट्रोड 10 मिली एंपीयर के करंट पर पानी को तोड़ने में सक्षम पाए गए। वैज्ञानिक इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि रॉक वार्निश से तैयार प्राकृतिक मैटेरियल पानी को तोड़ने में सक्षम है। देश में पर्याप्त मात्रा में आयरन और मैग्नीज उपल्बध है। इसका इस्तेमाल ऑक्सीजन और हाइड्रोजन उत्पादन के लिए किया जाए तो काफी किफायती होगा।

यह अपने तरह की अलग रिसर्च है। तीन वर्ष तक अलग-अलग लैब में काम किया गया। रॉक वार्निश से तैयार इलेक्ट्रोड पानी को तोड़ने में सक्षम पाए गए। **प्रो. एनके सिंह, एलयू केमिस्ट्री विभाग एवं शोध निर्देशक**



लेह लद्दाख की पहाड़ियों से चमकीले पदार्थ के सैंपल लिए गए। इसकी मदद से तैयार इलेक्ट्रोड से पानी से ऑक्सीजन व हाइड्रोजन अलग करना संभव हो सका। **प्रो. अनुपम शर्मा, बीएसआईपी**

रिसर्च संयोजक प्रो. अनुपम शर्मा के मुताबिक पूरी दुनिया फॉसिल्स फ्यूल पर काम कर रही है। इसी दिशा में संस्थान के शोधार्थी अमृत पाल सिंह चड्ढा ने तीन वर्ष तक काम किया। लद्दाख की पहाड़ियों से रॉक वार्निश के सैंपल उठाए गए। लैब में चमकीले पदार्थ की जांच हुई तो पता चला कि इसमें पर्याप्त मात्रा में मैग्नीज और आयरन है। आयरन और मैग्नीज ऊर्जा का बड़ा स्त्रोत है। रॉक वार्निश से इलेक्ट्रोड तैयार किए। इसमें 10 मिली एंपीयर और 415 मिली वोल्ट का करंट दिया गया। देखा गया इतनी कम ऊर्जा में पानी से ऑक्सीजन और हाईड्रोजन अलग हो गया। यह हमारे लिए उत्साहजनक रहा। हम इस नतीजे पर पहुंचे कि यदि सिंथेटिक मैटिरयल का इस्तेमाल पानी को तोड़ने के लिए किया जाए तो सस्ती हाईड्रो एनर्जी और ऑक्सीजन उपलब्ध हो जाएगी। यह दोनों भविष्य की जरूरत है। शोध लखनऊ विश्विद्यालय के केमिस्ट्री विभाग के प्रो. एनके सिंह के निर्देशन में पूरा किया गया।